04.06.2025 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 1830 पीएम
प्रादेशिक समाचार

○ केन्द्र सरकार ने वर्ष 2027 में दो चरणों में जनगणना की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया।

○ विश्व पर्यावरण दिवस पर कल दुनियाभर में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और प्रदूषण कम करने की अलख जगाई जाएगी।

○ श्रीगंगानगर में नकली खाद बीज बनाने वालों पर आज दूसरे दिन भी छापेमारी–छह फैक्ट्रियां सीज़।

○ प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल भी कई स्थानों पर बरसात की संभावना।

000

केन्द्र सरकार ने वर्ष 2027 में जनगणना की प्रक्रिया शुरू करने का फैसला किया है। इसके साथ ही जातिगत गणना भी जाएगी। 1 मार्च 2027 से ये प्रक्रिया दो चरणों में होगी। केंद्रीय गृह मंत्रालय बयान में कहा गया है कि लद्दाख और जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के बर्फीले क्षेत्रों के लिए 1 अक्टूबर, 2026 से जनगणना शुरू होगी। जनगणना कराने की अधिसूचना इस महीने की 16 तारीख को गजट में प्रकाशित होने की संभावना है। पिछली जनगणना 2011 में दो चरणों में की गई थी।

000

संसद का मॉनसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा। सरकार ने आज इसकी घोषणा की। इससे पहले विपक्षी दलों ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। नई दिल्ली में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सत्र 12 अगस्त तक चलेगा।

000

विश्व पर्यावरण दिवस कल मनाया जाएगा। पूरी दुनिया में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरुकता फैलाने के लिए ये दिन मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम ''प्लास्टिक प्रदूषण को समाप्त करना'' रखी गयी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नई दिल्ली में विशेष वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत करेंगे। श्री मोदी एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत बरगद का पौधा लगाएंगे। यह सात सौ किलोमीटर की अरावली श्रृंखला का फिर से वनीकरण करने की पहल होगी। इसे अरावली ग्रीन वॉल परियोजना नाम दिया गया है। इसका उद्देश्य राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और गुजरात के 29 जिलों में अरावली पर्वत श्रृंखला के आस–पास के पांच किलोमीटर क्षेत्र को हरा–भरा बनाना और अरावली की जैव विविधता को बढ़ावा देना है।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर प्रदेश में भी कई आयोजन होंगे। राज्य स्तरीय कार्यशाला जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। श्री शर्मा ई–वेस्ट कलेक्शन ड्राइव और पांच लवकुश वाटिकाओं का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे। इसके साथ ही सांगानेर के सामान्य अपशिष्ट उपचार संयंत्र का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री का बूंदी के केशोरायपाटन में वंदे गंगा जल पूजन महोत्सव में भाग लेने का कार्यक्रम है। श्री शर्मा कल सुजानगंगा में दीपदान करेंगे।

प्रदेश में कल से वंदे गंगा जल संरक्षण–जन अभियान की शुरूआत हो रही है। इसके माध्यम से प्रदेश में भूजल स्तर बढाने और जल संचयन के प्रमुख स्थलों को पुनर्जीवित करने की मुहिम चलाई जाएगी।

20 जून तक चलने वाले इस अभियान में लोगों को पानी बचाने और जल संग्रहण का संदेश दिया जाएगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों से इस पहल से जुड़ने का आह्वान किया है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने अधिक छाया और भरपूर ऑक्सीजन देने वाले पौधे लगाने पर जोर दिया है। श्री बागड़े विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर जयपुर में आयोजित समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कार्यालयों, सार्वजनिक स्थानों पर पेड़ लगाने और उनकी उचित देखभाल करने की बात कही। जयपुर में आज रन फॉर एन्वायरमेंट आयोजित की गई। वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने इसे हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इससे पहले उन्होंने प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। चूरू और हनुमानगढ़ सहित कई जगह हुई पर्यावरण जागरुकता दौड़ के माध्यम से लोगों को प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया।

000

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आकाशवाणी जयपुर के क्षेत्रीय समाचार एकांश की ओर से संदेश श्रृंखला चलाई जा रही है। इसमें आज सुनियेयोग प्रशिक्षक शांग्रीला जैन का संदेश। उनका कहना है कि योग प्राचीन भारत की अनमोल धरोहर है। इसकी प्रासंगिकता आधुनिक समय में काफी बढ गयी है।

000

कृषि मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा की अगुवाई में श्रीगंगानगर में आज दूसरे दिन भी नकली खाद बीज बनाने वालों पर छापेमारी की गयी। भारी गडबडियां पाये जाने पर छह फैक्ट्रियों को सीज किया गया। इस दौरान अधिकारियों ने मौके से बड़ी मात्रा में नकली बीज जब्त किये। इन्हें रसायन से भरे ड्रमों में रखा गया था और कैमिकल के जरिए बीजों को चमकदार बनाया जा रहा था। इन नकली बीजों को ब्रांडेड कम्पनियों के नाम से पैक कर मंहगी दरों पर बेचा जा रहा था।

हमारे श्रीगंगानगर संवाददाता ने बताया कि फोर–एमएल में बिना लाइसेंस के चल रही फैक्ट्री पर भी कार्रवाई करते हुए गेहूं के मिलावटी बीज पकडे गये।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की नियमित जनसुनवाई किसानों के लिए भी समस्या समाधान का जरिया बनी है। जयपुर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के सदस्यों को पिछले कुछ महीनों से संबल योजना का फायदा नहीं मिल रहा था। योजना के अनुदान की राशि दुग्ध उत्पादकों को नहीं मिली थी। ऐसे में संघ के संचालक मंडल ने जनसुनवाई में मुख्यमंत्री के सामने अपनी समस्या बताई।

श्री शर्मा ने संवेदनशीलता दिखाते हुए अधिकारियों को तुरंत प्रदेश के किसानों को बकाया अनुदान का भुगतान करने के निर्देश दिये। इस पर प्रदेश के सभी किसान पशुपालकों को मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत अनुदान राशि सीधे उनके खातों में हस्तांतरित की गयी। मुख्यमंत्री के इस निर्णय से लगभग साढे चार लाख किसान पशुपालक लाभान्वित हुए हैं।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज जयपुर में मॉनसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा की। निर्माण भवन में हुई इस बैठक में उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मॉनसून में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिये। इस दौरान उपमुख्यमंत्री ने सड़कों की मरम्मत और जल निकासी व्यवस्था की भी जानकारी ली। उन्होंने मॉनसून के दौरान होने वाले जल भराव की समस्या से निपटने और भारी वर्षा वाले संभावित क्षेत्रों की पहचान करने को कहा। बैठक से पीडब्ल्यूडी के सभी संभागों और जिलों के और एनएचएआई के अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े।

000

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ का असर कल भी बने रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार इससे बीकानेर, जयपुर, कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं आंधी के साथ बारिश हो सकती है। वहीं 6 जून से आंधी बारिश की गतिविधियों में कमी आने और तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। इस बीच, बीकानेर, जयपुर, अजमेर, कोटा और भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में गरज के साथ हल्की से मध्यम बारिश का सिलसिला जारी है। चूरु जिले में आज कई जगह बरसात हुई। हमारे संवाददाता ने बताया कि सरदारशहर में एक घंटे तक मूसलाधार पानी बरसा। इससे कई जगह पानी भर गया।

000

सरकार ने राष्ट्रीय नारकोटिक्स हेल्पलाइन नम्बर 1933 और मानस पोर्टल लांच किया है। मादक पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेन्स नीति के तहत इनकी शुरूआत की गयी है। गृह विभाग के संयुक्त शासन सचिव महेन्द्र कुमार खींची ने बताया कि हैल्पलाइन का उपयोग ड्रग्स तस्करी की सूचना साझा करने के लिए किया जा सकता है। इसक साथ ही नशे के आदी व्यक्तियों के पुनर्वास और परामर्श उपलब्ध करवाने के लिए इसका इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इन सेवाओं का उपयोग कर ड्रग्स–फ्री समाज के निर्माण में भागीदारी निभाने की अपील की है।

000

हज 2025 की आज से आधिकारिक रूप से शुरूआत हुई। इसमें भारत सहित विभिन्न देशों के 18 लाख से अधिक यात्री सऊदी अरब के मिना में इकट्ठे हुए। हजयात्री कल सुबह मुख्य रस्म अदा करने के लिए अराफात के मैदान जाएंगे। सऊदी अरब में भारतीय राजदूत ने भारतीय हजयात्रियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि हज शिविरों में लोगों की सहायता के लिए प्रशासनिक और चिकित्सा टीमें लगाई गयी हैं। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर हज सुविधा मोबाइल एप और टोल फ्री नम्बर के जरिए भारतीय हजयात्री सहायता प्राप्त कर सकते हैं। पिछले साल की तुलना में हज के दौरान स्वास्थ्य सेवा क्षमता में 60 प्रतिशत की बढोतरी हुई है।

000